गैबॉन में तख्तापलट

प्रलिम्सि के लयि:

गैबॉन और उसके पड़ोसियों का स्थान, **नाइजर में तख्तापलट (2023)**

मेन्स के लयि:

भारत के हितों पर देशों की नीतियों और राजनीतिका प्रभाव, तख्तापलट किसी देश के सामाजकि-आर्थकि ताने-बाने को कैसे प्रभावति करता है

स्रोत: द हदि

चर्चा में क्यों?

गैबॉन तेल से समृद्ध एक **मध्य अफ्रीकी देश** है, **लेकनि गरीबी और राजनीतकि अस्थरिता से ग्रस्त है,** यहाँ वद्रिोही सैनकिों के एक **समूह ने तख्तापलट कर** सत्ता पर कब्ज़ा करने तथा देश के राष्ट्रपतकिो घर में नज़रबंद करने का दावा कयिा है।

- गैबॉन के राष्ट्रपतिअली बोंगो ओन्डम्बिा के खलिाफ **चुनाव में धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार** के आरोपों के कारण तख्तापलट का प्रयास हुआ, जो देश के भीतर बढ़ते असंतोष को दर्शाता है।

गैबॉन से संबंधति मुख्य बदि:

- **अवस्थति:**
  - गैबॉन, पश्चमि में **अटलांटकि महासागर से घरि**ा एक पूर्व फ्राँ**सीसी औपनविेशकि देश** है जो फ्राँस तथा फ्राँसीसी भाषा एवं संस्कृतसि दृढ़ संबंध रखता है। इसकी राजधानी **लबिरेवलि** है।
  - यह कैमरून, इक्वेटोरयिल गनिी और डेमोक्रेटकि रपिब्लकि ऑफ कांगो (Democratic Republic of Congo- DRC) के साथ भूमसिीमा साझा करता है।
  - गैबॉन की **आबादी 2.3 मलियिन (वर्ष 2021) है** और इसके **88% क्षेत्र में जंगल** हैं।
  - गैबॉन को व्यापक रूप से **'अफ्रीका लास्ट ईडन'** के रूप में वर्णति कयिा गया है, **लोन्गो नेशनल पार्क (Loango National Park)** देश के सबसे अच्छे वन्यजीव-दर्शन स्थलों में से एक है।

//

- **शहरीकरण**:
  - **अफ्रीका में सबसे अधिक शहरीकरण दर** गैबॉन में है, गैबॉन के **पाँच में से चार** से अधिक **नागरिक शहरों में रहते हैं।**
- **गैबॉन की अर्थव्यवस्था:**
  - गैबॉन उप-सहारा अफ्रीका में चौथा सबसे बड़ा तेल उत्पादक देश है।
  - पिछले दशक में मज़बूत आर्थिक विकास का कारण मुख्य रूप से तेल और मैंगनीज़ उत्पादन रहा।
  - वर्ष 2020 में अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के प्रयासों के बावजूद तेल क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में 38.5% और निर्यात में 70.5% योगदान रहा।

- गैबॉन [पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC)] का सदस्य है, लेकिन इसकी तेल संपदा कुछ ही लोगों के हाथों में केंद्रित है और [विश्व बैंक] के अनुसार, 15 से 24 वर्ष आयु के लगभग 40% गैबॉनवासी वर्ष 2020 में बेरोज़गार थे।

अफ्रीका में अन्य हालिया उथल-पुथल:

- नाइजर में तख्तापलट (2023)
- सूडान में संकट (2023 और 2021)
- बुरकिना फासो में तख्तापलट (2022)
- माली में सैन्य तख्तापलट (2021, 2020)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/coup-in-gabon